Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding alleged shoddy construction of roads under Bharatmala Project in Rajasthan

श्री हनुमान बेनीवाल (नागौर): सभापति महोदय, आपके माध्यम से केन्द्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री जी का राजस्थान के जोधपुर, बाड़मेर, बीकानेर आदि जिलों में भारतमाला योजना के अंतर्गत बनाई गई सड़क के निर्माण में बरती गई कथित कोताही की तरफ ध्यान आकर्षित करते हुए यह बताना चाहता हूं कि उक्त सड़क के निर्माण में संबंधित अधिकारी व कंसल्टेंसी/ निर्माण करने वाली कार्यकारी कंपनी ने गुणवत्ता से संबंधित कमियों को कथित रूप से नजर अंदाज किया जिसके कारण सड़क निर्माण के बाद पहली बारिश में ही हाल ही में जोधपुर जिले में उक्त सड़क जगह-जगह से धंस गई और गड्ढे पड़ गये, चूंकि उक्त परियोजना में गुणवत्ता पैरामीटर के आधार पर उपयोग में ली जाने वाली जी.एस.बी. कंक्रीट सहीं नही है व उसकी गहराई बराबर मात्रा में नहीं ली गई जिसकी एग्रीगेट इम्पेक्ट वैल्यू बहुत कम है तथा मैटेरियल की उपलब्धता नजदीक नहीं होने की वजह से ज्यादा मात्रा में सैंडी सॉयल मिट्टी मिलाकर काम किया गया और किया जा रहा है जो गुणवत्ता के आधार पर सही नहीं है । Layer WBM-CTB में भी घटिया क्वालिटी प्रयुक्त ली गई और संबंधित रोड की ड्राइंग व डिजाइन के विपरीत जिम्मेदारों ने कई स्थानों पर कथित रूप से अनियमितता करके लेवल चेंज करवा दिया जिसके कारण निकट भविष्य में बहुत बड़ी बाधा आवागमन में उत्पन्न होगी और अभी भी कई जगह परेशानी का कारण बनी हुई है ।

चूंकि यह भारत सरकार की महत्वाकांक्षी सड़क परियोजना है और प्राप्त जानकारी के अनुसार सरकार ने राजस्थान राज्य के विभिन्न जिलों में 39,600 करोड़ रूपये की अनुमानित लागत से उक्त परियोजना के अंतर्गत 2130 किलोमीटर लंबाई की 45 परियोजनाओं को चिह्नित किया है, ऐसे में मेरा आग्रह

है कि भारतमाला योजना के अंतर्गत राजस्थान के बाड़मेर, जोधपुर, बीकानेर सहित विभिन्न जिलों से गुजर रही सड़कें जिनका विभिन्न चरणों में निर्माण हो चुका है और निर्माण जारी है उनमें खराब गुणवत्ता, मनमाफिक लेवल लेने, निर्माण में प्रयुक्त निम्न स्तर की सामग्री की जांच करवाने के लिए केन्द्र के स्तर से एक विशेष टीम गठित करके त्वरित जांच करवाई जाए व दोषी अभियन्ताओं, कार्यकारी एजेंसियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करते हुए उनके विरूद्ध आर्थिक दंड भी लगाया जाए ।